# 30 हथकरघा कलस्टर स्थापित होंगे


## प्रस्ताव

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के तहत राज्य के बुनकर बाहुल्य जनपदों में ब्लाक स्तर पर कम से कम 30 हथकरघा कलस्टर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा। इन जिलों में हथकरघा उत्पादों पर आधारित स्पेशल हैंडलूम एक्सपो के आयोजन का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा. नवनीत सहगल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कलस्टरों की स्थापना तथा एक्सपो के आयोजन के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेज दिया जाए। कलस्टरों की स्थापना से बुनकरों के उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ेगी। बुनकरों की आमदनी बढ़ेगी तो राज्य से निर्यात भी बढ़ेगा। सहगल ने शनिवार को लोकभवन स्थित अपने कार्यालय में एनएचडीपी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में वृहद स्तर पर नेशनल हैंडलूम एक्सपो आयोजित किए जाने का प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजा जाए। भारत सरकार प्रत्येक मेगा क्लस्टर की स्थापन के लिए 30 करोड़ रुपये देगी। उन्होंने निर्देश दिए कि हथकरघा बुनकरों के लिए लोन का कवरेज बढ़ाया जाए। अधिक से अधिक ऋण आवेदन पत्र बैंकों को भेजे जाएं।

सामान्य मुद्रा ऋण योजना के तहत 50 हजार से अधिक पावरलूम बुनकरों को भी लाभान्वित किया जाए। 15 दिसम्बर से एक लाख बुनकरों को मुद्रा ऋण योजना से लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य है। बैठक में विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग शेषमणि पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में चल रहे माटी कला मेले में कुल्हड़ बनाते प्रमुख सचिव सूचना नवनीत सहगल व धर्मपत्नी वन्दना सहगल।

## माटीकला मेले में 20 लाख का कारोबार

लखनऊ। संगीत नाटक अकादमी मैदान में चल रहे माटी कला मेले में अब तक 20 लाख रुपये से अधिक का कारोबार मिट्टी कला के कारीगरों ने कर लिया है। शनिवार को अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डा नवनीत सहगल ने मेला परिसर पहुंचकर माटी कला के कलाकारों का हौसला बढ़ाया। डा. सहगल के साथ वंदना सहगल भी मौजूद थी। उन्होंने कारीगरों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने हाथ से जिगर-जाली पर मिट्टी का कप तथा प्लास्टर आफ पेरिस के मोल्ड से मिट्टी के दीये को आकार दिया। यह प्रदर्शनी तीन नवंबर तक चलेगी।